प्रेस नोट संख्या 20

दिनांक – 21.02.2026

सराहनीय कार्य जनपद अमेठी

थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा 01 बाल अपराची को पुलिस निगरानी में लिया गया एवं कब्जे से 55 हजार रुपये, घटना में प्रयुक्त 01 मोबाइल फोन व 01 मोटरसाइकिल बरामद।

पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री सरवणन टी. के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 20.02.2026 को क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना श्री अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 22/26 धारा 140(2), 115(2), 351(3), 317(2), 127(2), 318(4), 336(3), 340(2), 3(5) बी0एन0एस0 थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी से संबंधित 01 बाल अपचारी को नियमानुसार पुलिस निगरानी में लिया गया है। उक्त बाल अपचारी के कब्जे से **55 हजार रुपये, 01 मोबाइल फोन, 02 सिम, हाईस्कूल की मार्कसीट, आधार कार्ड व 01 मोटरसाइकिल यूपी 36 जे 1124 बरामद हुयी।**

पूछताछ में उपरोक्त बाल अपचारी ने बताया कि महेश सिंह ने अपने रिश्तेदार अनुज प्रताप सिंह उर्फ मुरारी सिंह के साथ मिलकर अपहरण की योजना बनाई थी। उपरोक्त बाल अपचारी, रमन कुमार अग्रहरि की दुकान पर आया जाया करता था दिनांक 13.02.2026 को जब रमन कुमार अग्रहरि अपने बेटे को स्कूल छोड़ने के लिये गये थे तो उसने रमन कुमार अग्रहरि की लोकेशन अनुज प्रताप सिंह व महेश सिंह को व्हाट्सएप पर कॉल करके दे दी थी। बरामद 55 हजार रुपये, स्क्रैप व्यापारी रमन कुमार अग्रहरी के अपहरण कर फिरौती से मिले रुपयों में अपने हिस्से के रुपये होना बताया। थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

बरामदगी-

1. 55 हजार रुपये नगद।
2. हाईस्कूल की मार्कसीट, आधार कार्ड।
3. घटना में प्रयुक्त 01 मोबाइल फोन व 02 सिम।
4. घटना में प्रयुक्त 01 अदद मोटरसाइकिल यूपी 36 जे 1124।

पंजीकृत अभियोग/कार्यवाही-

1. मु0अ0सं0 22/26 धारा 140(2), 115(2), 351(3), 317(2), 127(2), 318(4), 336(3), 340(2), 3(5) बी0एन0एस0 थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी।
2. घटना में प्रयुक्त 01 अदद मोटरसाइकिल यूपी 36 जे 1124। **(धारा 207 एमवी एक्ट)**

पुलिस टीम-

1. श्री विवेक कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी।
2. उ0नि0 गोपाल मणि मिश्र थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी।
3. का0 दीपक कुमार यादव पाल थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी।
4. का0 सुनील वर्मा थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी।
5. का0 ओमप्रकाश पाठक थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी।